YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली › शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2016 › आश्विन 29 शक 1938 › कार्तिक कृष्ण 6 विक्रम 2073 पेज 28* › मूल्य 4.50 रु. या 8.50 रु.

CBSE चैंपियनशिप शुरू

स, नई दिल्ली : एम. एम. पब्लिक स्कूल पीतमपुरा में 20 अक्टूबर से सीबीएसई सेंट्रल जोन टेनिस चैंपियनशिप शुरू हो गई है, जिसमें सीबीएसई सेंट्रल जोन की अलग- अलग स्कूलों की 90 टीमें भाग लेंगी।

स्कूल के डायरेक्टर एस. आर. पाठक और प्रिंसिपल रोमा पाठक ने बताया कि 25 अक्टूबर तक चलने वाले इस इवेंट को चार कैटिगरी में बांटा गया है और अंडर 14 और अंडर 19 कैटिगरी में टीमें होंगी। उन्होंने कहा कि सीबीएसई ने स्कूलों में स्पोर्ट्स के प्रमोशन के लिए कई अहम योजनाएं बनाई हैं और इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। विनर्स को अवॉर्ड और सर्टिफिकेट मिलेंगे, जो उनके करियर के लिए काफी अहम होंगे।